# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

## पाक ने 400 से अधिक ड्रोन मिसाइलें दागीं, सभी नाकाम

यह फोटो बीएसएफ द्वारा ध्वस्त की गई पाक रेंजर्स की चौकी का है। भारतीय जवानों की यहां कई घंटे तक पाक आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई।

### पाक सेना जिन शहरों को अभेद्य मानती थी भारत ने वहीं गिराए ड्रोन-मिसाइल

# प्रचंड वार, पाक में भगदड़

## सेना का पराक्रम

## बीएसएफ ने 7 पाक आतंकी मार गिराए

**नई दिल्ली/जम्मू(भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे 7 पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। सांबा जिले में बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे सुरक्षा बलों का आतंकवादियों से आमना सामना हुआ था, जब निगरानी करने वाले बीएसएफ के जवानों ने आतंकवादियों के एक "बड़े समूह" को देखा था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तान रेंजर्स की ढांढर चौकी का समर्थन था, जिनकी गोलीबारी की आड़ में आतंकवादी घुसपैठ करना चाहते थे। बृहस्पतिवार को जम्मू में किए गए हवाई हमलों को 1971 के युद्ध के बाद से शहर पर 'सबसे गंभीर हमलों' में एक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस सैन्य संघर्ष के बीच तनाव कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए सटीक हमला किया जिसके बाद दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव काफी बढ़ गया। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## विदेश सचिव मिसरी बोले-पाकिस्तान ने पूजा स्थलों को भी निशाना बनाया, यह घटिया हरकत कर्नल सोफिया बोलीं-पड़ोसी देश घटिया जंग पर उतरा, अब आम नागरिकों को ढाल बना रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी/भाषा)।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। इससे पहले 7 और 8 मई को भी सरकार की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीनों ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक ओर जहां भारत ने पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकी ठिकानों का खात्मा किया तो वहीं पाकिस्तान लगातार भारत में सैन्य ठिकानों और रिहायशी इलाकों में अटैक कर रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया और तुर्किये के ड्रोन और मिसाइलों से हमला बोला। लेकिन भारत ने अपने सुदर्शन चक्र एस-400 डिफेंस सिस्टम से सभी हमलों को निष्क्रिय कर दिया। भारत ने पाक का एक और एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त कर दिया। वहीं, पाकिस्तान के विफल किए गए सैन्य हमले के जवाब में भारत ने प्रचंड वार से पाकिस्तान की सत्ता और सेना की नींव हिला दी। मिसाइल और ड्रोन स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से लेकर लाहौर और कराची तक भगदड़ मच गई। लोगों में खौफ दिखाई दिया। जिन शहरों को पाकिस्तानी सेना अभेद्य मानती थी वहां भारतीय टारगेट हिट्स ने साफ कर दिया है कि भारत अब केवल चेतावनी नहीं, जवाब देता है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 8-9 मई की मध्य रात्रि पाक फौज ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास हुआ।

### पाक का एक और डिफेंस सिस्टम ध्वस्त



पाकिस्तान ने देर रात भारत पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस दौरान उसने अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के तौर पर किया था।
*- व्योमिका सिंह, विंग कमांडर*

हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय पाकिस्तान अपनी हरकतों और आक्रमणों को मानने से इनकार कर रहा है। यह उसकी दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश है।
*- विक्रम मिसरी, विदेश सचिव*

8-9 मई की मध्य रात्रि पाक सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे पर तुर्किये के ड्रोन से हमला किया। उसमें 400 ड्रोन से अधिक ड्रोन्स व मिसाइलें दागीं। भारत ने सभी को निष्क्रिय कर दिया।
*- सोफिया कुरैशी, कर्नल*

***पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर करीब 36 स्थानों पर घुसपैठ के असफल प्रयास किए। भारत ने उसके सभी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया।***



**पाक को उचित जवाब दिया**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाक की कोशिश का उचित और पर्याप्त रूप से जवाब दिया। पाकिस्तानी पक्ष ने विशेष पूजा स्थलों को निशाना बनाया और यह पाकिस्तान की एक और घटिया हरकत है। कर्नला सोफिया ने एक नक्शे के जरिये बताया कि कैसे भारत ने पाक की मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराया। पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी।

### भारत ने एस-400, बराक-8 और आकाश से नाकाम किए हमले

**नई दिल्ली (भाषा)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की ओर से किए हमलों को नाकाम करने के लिए भारत ने एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली, बराक-8 मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल और डीआरडीओ की ड्रोन रोधी तकनीकों का इस्तेमाल किया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

***खुली पोल...लेह से सर क्रीक तक घुसपैठ की कोशिश, पाक सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया, ड्रोन के मलबों की फोरेंसिक जांच में तुर्किये के कनेक्शन का खुलासा, भारतीय वायुसेना ने बेहद संयमित और जिम्मेदारी से दिया जवाब***



Comfort inside
Happy all over
KOTHARI®
FREEDOM
Kothari Hosiery Factory Private Limited
29, Strand Road, Mohta House 2nd Floor, Kolkata 700001
P 84208 26999 www.kotharihosiery.com

SANSKARAM UNIVERSITY
INNOVATE | CREATE | TRANSFORM
60+ Acres Eco Friendly Campus
Excellence in Higher & Technical Education -Times Power Award 2025
Best Emerging Universities in North India – Times Business Award 2025
UGC

What's Next ? Career Paths After 12th

Our Academic & Recruitment Partners
Apple | Microsoft | Wave Pharma Limited | Ria Generics Limited | aws academy | grayquest | Airports Authority of India | Digital Kissan Farming | Radisson BLU | Indo US Bio-Tech Limited | Global Database Solutions | Bita Technologies | RK Life Care Inc | Agricultural, Horticultural & Allied Science



GET A MACBOOK ON DAY 1 Enroll Now | B.Tech CSE Programme
1st Time in India for All Students

SUST Sanskaram University Scholarship Test
VENUE : SANSKARAM UNIVERSITY CAMPUS
₹20 Cr. Worth of Scholarship
11 MAY (SUNDAY)
For Admission Queries, Contact us at:
7056999201
7056999202
Scan for Registration

Admission Open in 175+ Programs at DIPLOMA, UG, PG & Ph.D. Level

ENGINEERING AND TECHNOLOGY
B.Tech / M.Tech (CSE)
AI & ML | Cyber Security | Gaming
Cloud Tech. & Information Security
B.Tech / M.Tech | ECE | ME | CE | EE | IT
BCA | MCA

MANAGEMENT & COMMERCE
B.Com | M.Com
BBA (Hons) | Business Analytics
International Accounting & Finance
Logistics and Supply Chain Management
MBA MBA Executive

AGRICULTURE
B.Sc. (Hons) | M.Sc.

VETERINARY
B.V.Sc. & A.H | M.V.Sc. & A.H | VLDD | DVLT

LAW & LEGAL STUDIES
BA. LL.B | BBA. LL.B | LL.B
LL.M | BA Legal Studies

HEALTH & ALLIED SCIENCES
Pharmacy B. Pharm | D. Pharm
B.Sc. Radiography & Imaging Tech.
Operation Theater Tech.
Perfusion Tech. | Medical Lab Tech.
BPT (Bachelor of Physiotherapy)
D. Operation Theatre* | D. Medical Lab*
D. X-Ray Tech.* | D. Physiotherapy*
D. Radiology* | D. Dialysis Tech.*

HOTEL MANAGEMENT
BHM&CT | MHM&CT | BA (CULINARY ARTS)

B.Sc. / M.Sc. (APPLIED SCIENCE)
Forensic Science | Chemistry | Mathematics
Zoology | Microbiology | Physics | Botany | Genetics
Yoga | Nutrition & Dietician* | Biochemistry*
Environment Science* | Food Science & Tech.*
Clinical Psychology*

BA / MA (LIBERAL EDUCATION)
Journalism & Mass Comm. | English
Geography | Psychology | Pol. Sci. | Yoga
Economics | Mathematics | Sociology
Education* | Physical Education & Sports*

NURSING PROGRAMMES (Affiliated from UHSR)
B.Sc Nursing | GNM

B.Voc / M.Voc
Interior Design | Fashion Design | Dialysis*
Computer Application | Optometry*
Medical Lab* | Cardiac Care* | Health Care
Hospital Mgt.* | Physiotherapy Tech.*
Operation Theatre* | Health Sanitary*
Fire & Industrial Safety* | Mass Comm.*
Community Medical Service

Ph.D. Available in all above Disciplines

CAMPUS ADDRESS : N.H - 352, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)

भारत-पाक के बीच तनाव के हालात का प्रदेश पर भी प्रतिकूल असर

# शिक्षण संस्थान बंद, परीक्षाएं स्थगित, कई जिलों से बसों पर रोक, पेट्रोल पंप पर कतारें

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार भारत पाक के बाच में तनाव के हालात का प्रतिकूल प्रभाव भी अब सूबे के विभिन्न शहरों में दिखाई देना शुरु हो गया है। जहां स्कूल कालेज सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। वहीं हालात से चिंतित लोगों ने पेट्रोल पंपों, किराना की दुकानों पर कतार लगाकर सामान खरीदा, इतना ही नहीं थोक में सामान बिक्री करने वालों के यहां पर भी शुक्रवार को अच्छी खासी भीड़ लगी रही। दूसरा अब अफवाहों का बाजार भी गर्म हो गया है, जो पुलिस प्रशासन को परेशान कर रहा है। चंडीगढ़ हरियाणा एमएलए हास्टल में बम की अफवाह के बीच फायर ब्रिगेड पहुंची और पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। हालांकि यह मात्र कोरी अफवाह ही निकली।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के सभी जिलों में सरकारी इमारतों पर इमरजेंसी सायरन लगाने की तैयारी है। सायरन को लेकर चौबीसों घंटे ड्यूटी लगाए जाने की तैयारी है। चंडीगढ़ और पंचकूला में जहां शाम को सात बजे ही बाजार, दुकानें, पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में सायरन बजाकर लोगों को घरों में रहने की अपील की जा रही है।


चंडीगढ़। एक किरयाने की दुकान पर लगी भीड़।


चंडीगढ़। पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतारें।

## जींद से जम्मू व अमृतसर, कैथल से पठानकोट नहीं जाएंगी रोडवेज बसें

जींद। ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध चल रहा है, इससे तनाव बढ़ गया है। इसके चलते हरियाणा से जुड़े पंजाब और राजस्थान बॉर्डर में अलर्ट है। इसे देखते हुए रोडवेज प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जींद से जम्मू और अमृतसर जाने वाली बसों पर रोक लगा दी है। आमतौर पर जींद से जम्मू कटरा के लिए सुबह पांच बजकर 50 मिनट व अमृतसर के लिए सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर बस चलती है, लेकिन आगामी आदेशों तक अभी जम्मू और अमृतसर बस नहीं जाएंगी। जींद से जम्मू कटरा के लिए काफी संख्या में यात्री माता वैष्णो देवी दर्शनों के लिए जाते हैं। इसके अलावा अमृतसर भी देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में से एक है। रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जींद से जम्मू कटरा और अमृतसर जाने वाली बसों पर रोक लगा दी है। यह बस केवल लुधियाना तक जाएंगी।

### कटरा और पंजाब क्षेत्र में जाने वाली बसों को किया बंद

नरेश पंवार. कैथल। भारत-पाकिस्तान की ततानती को लेकर रोडवेज की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोडवेज ने शुक्रवार से कैथल से कटरा और पंजाब के बॉर्डर इलाकों में जाने वाली बसों को आगामी आदेशों तक बंद कर दिया है। प्रदेश सरकार के आदेशों पर महाप्रबंधक ने यह फैसला लिया है। इसके साथ ही एक दिन पहले ही वहां गई हुई बसें भी वापस लौट चुकी हैं। हालांकि अभी पंजाब के संगरूर और पटियाला जिले में जाने वाली बसों को बंद नहीं किया गया है। यह बसे पहले के दिनों की तरह से संचालित की जा रही है। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह के समय पठानकोट और अमृतसर जाने वाली बसों को भेजा गया था, लेकिन यह बसें जालंधर से ही वापस लौट जाएंगी।




#### तीनों रूटों पर जाती हैं एक-एक बस

रोडवेज की ओर से इस समय कैथल से पठानकोट, अमृतसर और कटरा के लिए एक-एक बस जाती हैं। इसमें एक बस इन रूटों पर जाती हैं। जबकि दूसरी बस इन रूटों से वापस होती है। अब इन बसों को बंद कर दिया गया है। कैथल रोडवेज के महाप्रबंधक कमलजीत चहल ने बताया कि कैथल से पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिले पठानकोट और अमृतसर व कटरा जाने वाली बसों को बंद कर दिया गया है। पंजाब के अन्य जिलों में बसें चलाई जा रही हैं।

#### बिल्डिंगों पर सायरन लगाएं

हरियाणा के सभी जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाके की सरकारी बिल्डिंगों पर इमरजेंसी रिस्पांस सायरन लगाने का फरमान जारी किया गया है। यह भी निर्देश दिए गए है कि सायरन मशीनों पर 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाए। अंबाला में शुक्रवार की सुबह हड़कंप के हालात बने वहां पर वायुसेना स्टेशन से हमले की चेतावनी जारी की गई थी। प्रशासन ने शहर में सायरन बजाया।

#### छुट्टियां रद कर दी गई

पुलिस, डॉक्टरों और फायर बिग्रेड कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसल कर दी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंबह सैनी ने सभी राजकीय कार्यक्रम रद्द कर दिए है। मौजूदा तनाव के हालात और भारत पाक के हालात को देखते यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने गुरुवार को पत्र जारी कर कहा गया है कि कोई भी कर्मचारी-अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा।

#### बाजार 7 बजे तक खुलेंगे

चंडीगढ़ में शुक्रवार और शनिवार को स्कूल और आंगनबाड़ी बंद रहेंगे। सोमवार को अगला फैसला लिया जाएगा और कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे। सिर्फ शाम को 7 बजे के बाद सभी बाजार, रेस्टोरेंट बार बंद रहेंगे। मेडिकल दुकानें और अन्य जरुरी सेवाएं खुली रहेंगी। ब्लैक आउट के समय अगर कोई पारिवारिक पार्टी या शादी इत्यादि चल रही है तो वहां भी ब्लैक आउट का ध्यान रखें।

#### अतिरिक्त पेट्रोल न खरीदें

इंडियन ऑइल आपको यह आश्वस्त करना चाहता हैं कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं, और सभी रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं। हम आपसे निवेदन करते हैं कि घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें। सभी आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रख सकते हैं।

#### हाई कोर्ट में नो वर्क डे

हाईकोर्ट और चंडीगढ़, पंचकूला जिला अदालत में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हाईकोर्ट बार काउंसिल और चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने सुरक्षा कारणों से 9 मई को ₹नो वर्क डे₹ करने की घोषणा कर दी थी। हालांकि सरकारी वकीलों द्वारा संबंधित मामलों में अपना पक्ष जरूर रखा गया। बार काउंसिल सचिव ने गुरुवार देर रात को इसे लेकर नोटिस जारी किया है।

### कुरुक्षेत्र विवि में आज नहीं होंगी परीक्षाएं

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार परीक्षा शाखा द्वारा 9 व 10 मई को होने वाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाएं अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षाओं की नई तिथियां बाद में अधिसूचित की जाएंगी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों] संस्थानों] कॉलेजों के अध्यक्ष] निदेशक] प्राचार्य को अनुरोध किया गया है कि वे परीक्षा स्थगित होने की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को तत्काल सूचित करें तथा उसे नोटिस बोर्ड पर भी लगाएं।

### आज दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत नहीं लगेगी

पंचकूला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व सचिव अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार, हरियाणा में 10 मई 2025 को होने वाली दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की सूचना यथासमय दी जाएगी।

### आपात स्थितिः उपायुक्तों के लिए 1.10 करोड़ मंजूर

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी उपायुक्तों को आपदा प्रबंधन के लिए 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक उपायुक्त को 5 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपने जिले में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर सके। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वित्तीय अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करें और स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही करें।

## हरियाणा में मातृ मृत्यु दर 110 से घटकर 106 पर आई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग पूरे राज्य में मातृ स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अपने अथक प्रयास कर रहा है। हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा, भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2019-21) के अनुसार, हरियाणा में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 110 (2018-20) से घटकर 106 हो गई है , जो 4 अंकों का सुधार है। हरियाणा सरकार एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) को कम करना प्राथमिकता बनी हुई है। गर्भावस्था से लेकर प्रसव और प्रसवोत्तर अवधि तक हर चरण में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार के लिए कई रणनीतिक पहलों को लागू किया गया है।

#### मातृ स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा और मजबूत करेंगे



आरती राव ने कहा कि राज्य में संस्थागत प्रसव 2024-25 में (स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार) बढ़कर 98.3 प्रतिशत हो गया है। मातृ स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए, सरकारी प्रसव केंद्रों पर सभी प्रसव कक्षों को आधुनिक किया गया है। ये कक्ष आवश्यक दवाओं, उपकरणों और रसद से पूरी तरह सुसज्जित हैं। सुरक्षित प्रसव और बेहतर मातृ परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रसव कक्ष प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन किया जा रहा है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

विषय : कैमिस्ट्री (विज्ञा. सं. 43/2024) और फिजिक्स (विज्ञा. सं. 61/2024) विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर)

कैमिस्ट्री (विज्ञा. सं. 43/2024) और फिजिक्स (विज्ञा. सं. 61/2024) विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 11 मई 2025 (प्रातःकालीन और सायंकालीन सत्र) को निर्धारित स्क्रीनिंग टेस्ट आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथा समय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

हस्ता/- सचिव
दिनांक : 09.05.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/321/2026/34616/88/6 दि. 09.05.25 पंचकूला



**नीलामी विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला झज्जर में निम्नलिखित सरकारी कार्यालयों के स्क्रैप/कण्डम सामान की नीलामी दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन झज्जर में की जानी है।

| कं.सं. | विभाग | सामान का प्रकार | सामान सूचि |
|---|---|---|---|
| 1. | Govt. College Dujana, | Unserviceable Items. | Sr. No. 01 to 51 |
| 2. | Govt. College (W) Bahadurgarh | Unserviceable Items, | Sr. No. 01 to 14 |

नोटः-बोली देने वाले व्यक्ति को पहले 10,000/- रू०, की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। जो बोली स्वीकृति के उपरान्त वापिस कर दी जायेगी। सफल बोलीदाता को बोली की 25 प्रतिशत राशि मौके पर जमा करवानी होगी तथा बकाया राशि 72 घण्टे के अन्दर अन्दर जमा करवानी होगी। यदि 72 घण्टे के अन्दर राशि जमा नहीं करवाई गई तो बोली को रद समझा जायेगा तथा उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। बोली बारे अन्तिम निर्णय गठित कमेटी का होगा।
यहां यह भी व्यक्त किया जाता है कि बोलीदाताओं द्वारा स्क्रैप/ कण्डम सामान का निरीक्षण उनके कार्यालय पर ही करना होगा

हस्ता/-उपमण्डल अधिकारी (ना०), झज्जर एवं
अध्यक्ष, नीलामी कमेटी, झज्जर।
पीआरडीएच 1029/11/581/2026/34602/88/6 दि. 09.05.2025


## उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पुस्तक 'मेरी आत्मकथा' का विमोचन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक ''जनता की कहानी - मेरी आत्मकथा'' का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पुस्तक में सार्वजनिक जीवन के संघर्षों की झलक दिखाई गई है, जो सार्थक परिणाम देगी। भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।




**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | पीक 3डी प्रिंटर की खरीद। | 08.05.2025 02.06.2025 | 32000/- | https://mdu.ac.in | 9541195456 deepak.dhadra@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | रद्दी / वेस्ट पेपर की बिक्री हेतु दर अनुबंध के लिए निविदा। | 08.05.2025 22.05.2025 | 70 लाख | https://mdurohtak.ac.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 7015486405 argeneral@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34609/I/88/6 दि. 09.05.25



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में शीतल नगर की गली नं. 4 में वार्ड नं. 21 की आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 08.05.2025 16.05.2025 | 1,00,11,248/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | दस वर्ष हेतु एमसी रोहतक में प्रतिदिन निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह। | 08.05.2025 30.05.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34617/I/88/6 दि. 09.05.25


### गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने की दिशा में आगे बढ़ें : राव

चंडीगढ़। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने के कार्य में तेजी लाएं, ताकि सड़क निर्माण में इस्तेमाल होनी वाली इंटरलाकिंग टाइल के नमूनों की सही से जांच की जा सके। मंत्री राव नरबीर सिंह गुरुग्राम शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में निगम अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर में आगामी मॉनसून सीजन में आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिले, इसके लिए प्रशासनिक स्तर धरातल पर गंभीरता से प्रयास अभी से किए जाएं।उन्होंने निगम अधिकारियों से स्टॉर्म वाटर ड्रेन व वार्डों के भीतर सीवरेज सिस्टम की सफाई, निगम एरिया में स्थापित एसटीपी की कार्यकुशलता व जोनवार सफाई व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरांत कहा कि 15 जून से पहले सभी ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की सफाई पूरी की जाए।



### हिसार में तैनात सुरेश शर्मा बने फार्मेसी डिप्टी डायरेक्टर

चंडीगढ़। हिसार में कार्यरत चीफ फार्मेसी ऑफिसर सुरेश शर्मा ने आज महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा कार्यालय मे बतौर डिप्टी डायरेक्टर फार्मेसी ज्वाइन कर लिया। यह जानकारी देते हुए विनोद दलाल ने बताया कि प्रदेश मे फार्मेसी ऑफिसर एकमात्र ऐसा कैडर है जो ग्रुप सी मे ज्वाइन करके ग्रुप ए तक पदोन्नति पाता है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे सीनियर साथी ने इस पद पर ज्वाइन किया है जिससे स्वास्थ्य विभाग को उनके अनुभव का फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि यह पद तत्कालीन राज्य प्रधान विनोद दलाल के प्रयासों से ही सृजित किया गया था।




**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : एससीओ नं. 121, सेक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003
शाखा कार्यालय : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।
चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजविन्दर कौर पत्नी स्व. श्री अमरजीत सिंह कर्जदार और कानूनी वारिस (कर्जदार), स्व. श्री अमरजीत सिंह पुत्र गुरदेव सिंह के अन्य कानूनी वारिस (सह-कर्जदार) LHYGR00001300475. | दस्तावेज नं. 5875 दिनांक 05.09.2019 के अनुरूप प्रोपर्टी आई.डी. नं. 196C253U143A, वाका गुरू नानक पुरा, मौजूदा सावन पुरी जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा वाले प्लॉट नं. 20 के उत्तर पूर्वी भाग पर सम्पत्ति/मकान, माप 62.22 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : 25 फुट चौड़ी गली, दक्षिण : प्लॉट नं. 20 का शेष भाग जसविन्दर कौर, पूर्व : गली 20 फुट चौड़ी, पश्चिम : सर्वजीत कौर के प्लॉट नं. 20 का शेष भाग/कब्जे की तिथि- 05-मई-25. | 01-02-2025 रु. 28,90,405.36/- | यमुनानगर |
| 2. | सुरेन्द्र पुत्र नाहर सिंह (कर्जदार), सुशीला पत्नी सुरिन्दर ढुल (सह-कर्जदार) LHROH00001561905. | सेल डीड नं. 1621 दिनांक 09.06.2023 के अनुरूप शिव कॉलोनी, झज्जर में स्थित खेवट नं. 4826, खाता नं. 4938, मुरब्बा नं. 156 किल्ला नं. 42 (2-8) में निहित सम्पत्ति कुल रकबा जो भूमि माप 2 कनाल 8 मरला का 661/4800 हिस्सा अर्थात 200 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से / कब्जे की तिथि- 06-मई-25. | 19-02-2025 रु. 24,65,807.84/- | रोहतक |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।
दिनांक : 10 मई 2025 स्थान : यमुनानगर, झज्जर — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


### जेजेपी ने सभी जिलों में घोषित किए जिला प्रवक्ता

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने सभी 22 जिलों में जिला प्रवक्ताओं की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी ने अंबाला में मनजिंदर सिंह ढिल्लों, भिवानी में शंकर अहुजा, दादरी में राजेंद्र श्योराण, फरीदाबाद में अनिल खुटेला, फतेहाबाद में कुलदीप खिचड़, गुरुग्राम में पवन धनकोट, हिसार में रवि आहुजा और झज्जर में विकास पराशर को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। जींद में विकास जांगड़ा, कैथल में दर्पण मित्तल, करनाल में राकेश संधु, कुरुक्षेत्र में शेखर डोगरा, महेंद्रगढ़ में विजय छिलरो, मेवात में राहुल जैन, पलवल में प्रवीन डूडी, पंचकुला में सुरेश पाठक और पानीपत में अजय सिंह बिंझौल को जिला प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं रेवाड़ी में कमल मंगलेश्वर, रोहतक में अजय इंदोरा, सिरसा में अमर सिंह ज्याणी, सोनीपत में सुधीर धनखड़ और यमुनानगर में दमन शर्मा जेजेपी के जिला प्रवक्ता होंगे।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | एससी-एसटी आयोग, बेज नं. 49-52, सेक्टर-2, पंचकूला के कार्यालय भवन का पुनरोद्धार (एयर कंडीशनर्स का प्रावधान केवल)। | 09.05.2025 15.05.2025 | 9.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed- ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला न्यायालय हिसार में लिटिगेंट मेन हॉल के लिए एसी यूनिट प्लांट की स्थापना। | 08.05.2025 21.05.2025 | 9.22 लाख | httpsetenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | धासू, हिसार-I बीसी चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 28 कार्य। | 08.05.2025 20.05.2025 | 145.98 लाख | httpsetenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | स्वास्थ्य विभाग सिविल हॉस्पीटल नारनौल | सिविल हॉस्पीटल नारनौल के लिए जेएसएसके डाइट निविदा। | 09.05.2025 22.05.2025 | ईएमडी 30000 | httpsetenders.hry.nic.in | 9992249991 nnlmsgh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/80/34634/I/88/6 दि. 09.05.25



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 75 दिनांक 06.05.2025 धारा 140 (3) BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम- पंकज
पिता/पति- पुत्र नरेश
पता - निवासी गिरावड रोहतक
उम्र- 10 वर्ष
कद- 3 फुट 7 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर ।
पहनावा चाकलेट रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर पहने हुए।
दिनांक 06.05.25 को पंकज पुत्र नरेश निवासी गिरावड रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना लाखन माजरा रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखन माजरा रोहतक- 9416492315

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 198 दिनांक 08.05.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**




नाम - आंचल
पिता/पति- पत्नी सुनील
पता - निवासी फरमाणा खास रोहतक
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा - पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए।
दिनांक 08.05.25 को आंचल पत्नी सुनील निवासी फरमाणा खास रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9628270142
पीआरडीएच-1084/11/3364/2026/34613/88/6 दि. 09.05.2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बठिंडा में पाक ने ड्रोन से हमला किया जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया।



पाकिस्तान ने पुंछ में मोटार दागे, भारी गोलीबारी की। इससे कई मकान क्षतिग्रस्त हुए। कई मवेशियों की मौत, एक नागरिक के मारे जाने की भी सूचना है। तीन ग्रामीण घायल हुए हैं।

## सेना का पराक्रम



### मोदी ने की हाई लेवल बैठक राजनाथ, डोभाल और तीनों सेना प्रमुख शामिल हुए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के असफल होने के बाद तीनों सेना प्रमुखों के साथ शुक्रवार को एक अहम बैठक की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पर गोलाबारी और घुसपैठ की कोशिशों के मद्देनजर यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और पीएम ने ताजा हालात की जानकारी ली। इससे पहले पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ भी व्यापक बातचीत की।

### राजनाथ ने सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक कर सुरक्षा की समीक्षा की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि सुरक्षा संबंधी बदलते हालात से जुड़े हर पहलू पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।'

## शाम होते ही पाकिस्तान ने उरी और पुंछ में की भारी गोलीबारी, भारत ने भी दिया कड़ा जवाब

## श्रीनगर एयरपोर्ट, जम्मू, सांबा, पठानकोट, अमृतसर व जैसलमेर में पाक ड्रोन मार गिराए

# चंडीगढ़ से अंबाला तक हवाई हमले का अलर्ट, प्रदेश के 3 जिलों में ब्लैकआउट

अंबाला से 70 किलोमीटर की दूरी पर दिखाई दिए ड्रोन, तुरंत बजे सायरन | सेना और पुलिस ने संभाला मोर्चा, स्कूल कॉलेजों में छुट्टी करवा बच्चों को घर भेजा | पंचकूला-चंडीगढ़ में भी बजा सायरन लोगों से घरों में रहने की अपील | बाजार शाम 7 बजे से बंद, रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी

### 7 राज्यों के 28 हवाई अड्डे 15 मई तक बंद

केंद्र सरकार ने 7 राज्यों के 28 हवाई अड्डे 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिए हैं। इनमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश शामिल हैं।

### तेल कंपनियां बोलीं- हमारे पास पर्याप्त ईंधन

- तेल कंपनियों ने ईंधन की कमी की फर्जी अफवाहों के बीच देश वासियों को भरोसा दिलाया कि देश में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है। घबरा कर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

### बैंक बोले-एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद

- एसबीआई, पीएनबी समेत तमाम बैंकों ने कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, पर्याप्त नकदी मौजूद है, डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं। घबराने की जरूरत नहीं।

### खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी पर दी चेतावनी


केंद्र सरकार ने व्यापारियों और थोक विक्रेताओं को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी न करने की चेतावनी दी है। सरकार ने कहा कि देश में घरेलू मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद है। ऐसे में दुष्प्रचार फैलाने वाले संदेशों पर ध्यान न दें। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने यह चेतावनी जारी की है।

### भारत में 26 जगहों पर दिखे पाक ड्रोन, फिरोजपुर में ड्रोन ने एक परिवार के सदस्यों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़/अंबाला/जम्मू/श्रीनगर/नई दिल्ली/पठानकोट

पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी शाम होते ही भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। रात 8:30 बजे के बाद पाक ने 4 राज्यों गुजरात, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के 26 शहरों पर ड्रोन अटैक किए गए। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी हमला किया गया। इसके अलावा जम्मू, सांबा, पठानकोट, अमृतसर व जैसलमेर में भी ड्रोन से हमला किया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए। अवंतीपोरा एयरफोर्स स्टेशन पर भी ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग की। पंजाब के फिरोजपुर में मिसाइल अटैक किया। इसे सेना ने नाकाम कर दिया। उधर, राजस्थान के पोखरण, जम्मू के सांबा में भी ड्रोन हमला कियाा। उधर, पंजाब और चंडीगढ़ में पाकिस्तानी हमलों के बाद अंबाला और पंचकूला में भी एयर अटैक का अलर्ट जारी किया है। अंबाला डीसी ने बताया कि सुबह करीब 10:20 बजे अंबाला से 70 किलोमीटर की दूरी पर कुछ ड्रोन्स दिखे, जिसके बाद यहां 48 मिनट तक सायरन बजाए गए। इसी दौरान तुरंत ही अंबाला के सारे स्कूल-कॉलेज बंद करवाकर बच्चों की छुट्टी कर दी गई। अधिकारियों के निर्देशानुसार अंबाला, पानीपत और पंचकूला में ब्लैकआउट शुरू हो गया है जो सुबह 6 बजे तक रहेगा। लोगों को इमरजेंसी होने पर ही घरों से बाहर निकलने को कहा गया। इन जिलों में बाजार भी शाम 7 बजे बंद करा दिए गए। पुलिस प्रशासन को हाईअलर्ट पर रखा गया है। वहीं, चंडीगढ़ स्थित हरियाणा के एमएलए हॉस्टल में बम होने की सूचना मिली थी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पुलिस ने बम निरोधक दस्ते और फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर गहन तलाशी ली। हालांकि वहां से कुछ नहीं मिला।

### शाम को 8 बजे ही अंबाला में ब्लैकआउट घरों में दुबके लोग, सड़कें हुई सुनसान



**48** मिनट तक अंबाला में बजे सायरन

**10.20** बजे सुबह जारी किया गया अलर्ट

यह पहली बार है जब अंबाला में एयर अटैक का अलर्ट जारी किया गया। यहां एयरफोर्स स्टेशन भी है।

- पंजाब के फिरोजपुर, अमृतसर में मिसाइल दागीं, भारत ने ध्वस्त की
- पोखरण, श्रीनगर, जम्मू, सांबा व पठानकोट में ड्रोन अटैक नाकाम
- फिरोजपुर, जैसलमेर, जम्मू कश्मीर समेत कई शहरों में ब्लैकआउट
- सरकार के आदेश, सेना चाहे तो टेरिटोरियल आर्मी के जवान बुलाएं
- गृह मंत्री अमित शाह ने बीएसएफ और सीआईएसएफ की बैठक ली
- पाकिस्तान की गोलीबारी में अब तक 20 लोगों की जा चुकी जान

### जम्मू में दूसरे दिन भी ब्लैकआउट

जम्मू क्षेत्र में धमाकों की आवाज आने और सायरन बजने के बाद शहर में शुक्रवार को लगातार दूसरी रात 'ब्लैकआउट' किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू, सांबा और पड़ोसी राज्य पंजाब के पठानकोट जिले में भी ड्रोन देखे गए और उन्हें निष्प्रभावी करने की कोशिश की जा रही है। श्रीनगर में मस्जिदों के लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल स्थानीय लोगों को एहतियात के तौर पर अपने घरों की लाइटें बंद करने के लिए कहा है।

### एलओसी के पास पाक की गोलाबारी में तीन की मौत

बारामूला व कुपवाड़ा जिलों को निशाना बनाकर नियंत्रण रेखा पार से पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलाबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई व दो लोग घायल हो गए। लोगों में दहशत का माहौल है।

## हरियाणा के लिए ये आदेश

- ▶▶ **पानीपत :** जिला मजिस्ट्रेट वीरेंद्र दहिया ने रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट के आदेश दिए। आउटडोर लाइट्स, बिल बोर्ड, स्ट्रीट लाइट को इन्वर्टर और जनरेटर से चलाने पर रोक। लोग अंदर लाइट जलाएं, लेकिन खिड़कियों पर पर्दे लगाएं।
- ▶▶ **पंचकूला :** सुबह सायरन बजाया गया। प्रशासन हाई अलर्ट पर। ब्लैकआउट रहेगा। बाजार शाम 7 बजे बंद हो जाएंगे। स्कूलों को 2 दिन तक बंद रखने के आदेश।
- ▶▶ **हिसार :** एयरपोर्ट से दिल्ली और अयोध्या आने-जाने वाली फ्लाइट रद। एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा-घर में सुरक्षित रहें और इमरजेंसी किट तैयार रखें। केवल मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।
- ▶▶ **गुरुग्राम:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने गुरुग्राम में वॉर रिलीफ टीम बनाई। इसमें 50 स्पेशलिस्ट डॉक्टर रखे। 2000 से अधिक डॉक्टरों के ब्लड ग्रुप की जानकारी इकट्ठा की गई है। जरूरत पड़ी तो डॉक्टर तुरंत खुद ब्लड डोनेट करेंगे।
- ▶▶ आईटी कंपनी एचसीएलटेक ने चंडीगढ़, गुरुग्राम और नोएडा कार्यालयों में कर्मचारियों के लिए घर से काम करने (डब्ल्यूएफएच) का निर्देश दिया।
- ▶▶ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने अफसरों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद की।



- ▶▶ जींद, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, कुरुक्षेत्र और अंबाला में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।
- ▶▶ डॉक्टरों, फायर ब्रिगेड, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। हेडक्वार्टर छोड़ने पर रोक लगा दी गई है।
- ▶▶ कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) की परीक्षाएं स्थगित।
- ▶▶ हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 11 मई को आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं स्थगित। नई तिथि आयोग द्वारा बाद में घोषित होगी।
- ▶▶ हरियाणा सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों को पांच-पांच लाख रुपये आवंटित करते हुए 1.10 करोड़ मंजूर ।
- ▶▶ सभी उपायुक्तों को सख्त वित्तीय अनुशासन अपनाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए कि कहीं कोई परेशानी न हो।



**तनाव का यह हो रहा असर**

### दिल्लीः में सायरन का परीक्षण

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कई बहुमंजिला इमारतों पर हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन लगाए जाएंगे। नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी की बहुमंजिला इमारत की छत पर लगे सायरन का परीक्षण किया। 'शुक्रवार रात से बहुमंजिला और ऊंची इमारतों की छतों पर 40 से 50 सायरन लगाए जाएंगे।

### कुछ स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं

छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दिल्ली में कई निजी स्कूलों ने एहतियात के तौर पर ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कीं। वसंत कुंज में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पश्चिम विहार में इंद्रप्रस्थ वर्ल्ड स्कूल और मॉडल टाउन में क्वीन मेरी स्कूल ने ऑनलाइन कक्षा का विकल्प चुना। दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं।

### नड्डा ने की समीक्षा : दिल्ली में सभी अस्पतालों में कर्मियों की छुट्टियां रद

दिल्ली में एम्स, सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया अस्पतालों समेत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। यह आदेश ऐसे समय में दिया गया है जब स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा द्वारा देश के अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियां पूरी तरह सुसज्जित एवं कार्यात्मक हों।

### वॉकी-टॉकी 13 ई-कॉमर्स मंचों को नोटिस

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ऑनलाइन मंचों पर वॉकी-टॉकी उपकरणों की गैरकानूनी बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी किया है। ये मंच अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो, ओएलएक्स, ट्रेडइंडिया, फेसबुक, इंडियामार्ट, वरदानमार्ट, जियोमार्ट, कृष्णामार्ट, चिमिया, टॉक प्रो वॉकी टॉकी और मास्कमैन टॉयज हैं।

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,454.47 | 880.34 ▼ |
| निफ्टी | 24,008.00 | 265.80 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 99,730 /- | +480/- ▲ |
| चांदी | 98,400/- | +200/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.41 | 17 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 63.97/ बैरल | | 1.80% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### राज्य आपातकालीन खरीद का अधिकार दें : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों से नागरिक सुरक्षा प्राधिकरणों के प्रमुखों को आपातकालीन खरीद का अधिकार देने को कहा है, ताकि आपात परिस्थितियों में वे आवश्यक खरीद कर सकें। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शत्रुतापूर्ण हमलों के खिलाफ नागरिक प्रशासन की तैयारी व एहतियाती उपाय अपनाना नागरिक सुरक्षा अधिनियम और नियम, 1968 के तहत आता है।

### आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है। पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है । इसमें कहा गया कि नए कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जाएगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जायेगी ।



### अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा, इससे हमारा कोई वास्ता नहीं : वेंस

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** भारत-पाक के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका कोई वास्ता नहीं है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 'फॉक्स न्यूज' से साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता, लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है। यह पूछे जाने पर कि भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को लेकर अमेरिकी प्रशासन चिंतित है।



**दो टूक** हमारी भूमिका सिर्फ सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं

## सिंधु जल संधि पर पाक को बड़ा झटका, वर्ल्ड बैंक ने कहा, इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने शुक्रवार को पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर बड़ी बात कही है। बंगा ने साफ किया कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में मध्यस्थ नहीं है। वर्ल्ड बैंक भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसी पर अजय बंगा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। सिंधु, झेलम और चिनाब के जल बंटवारे के लिए 1960 में दोनों देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

**1960 में वर्ल्ड बैंक ने भारत-पाक के बीच सिंधु जल समझौता करवाया**



### सभी अटकलें बेबुनियाद : बंगा

पीआईबी ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के हवाले से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाक के बीच सिंधु नदी व उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### पानी दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण

सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं। रावी, ब्यास, सतलुज, झेलम और चिनाब इसकी सहायक नदिया हैं। वहीं काबुल नदी भारतीय क्षेत्र से होकर नहीं बहती है। रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां जबकि सिंधु, झेलम तथा चिनाब को पश्चिमी नदियां कहा जाता है। इस नदी प्रणाली का पानी भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा सिंधु बेसिन से होकर गुजरती थी, जिससे भारत ऊपरी तटवर्ती देश और पाकिस्तान निचला तटवर्ती देश बन गया।

# 'आपरेशन सिंदूर': चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों को किया सलाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं।"



## हम सशस्त्र बलों के साथ एकजूटता से खड़े

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, "हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।"

## हमारी सेना उचित जवाब देगी: सहवाग

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, "पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।"



## भारत मजबूत है: धवन

सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, "हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।"

## सेना की बहादुरी के लिए आभारी हूं: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, "हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।"



## आइए हम अपनी भूमिका निभाएं : चोपड़ा

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, "हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

## भारत आपके साथ खड़ा है : सिंधू

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, "भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद।"



## हमें अपनी सेना पर गर्व



सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, "हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।"

## हमारी प्रार्थनाएं सैनिकों के साथ



विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, "हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।"

## हम सशस्त्र बलों के पीछे खड़े है: पार्थिव

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, "आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

---

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरूआत

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की। दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं जिससे वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर बनी हुई हैं।भारत की दो अन्य गोल्फर त्वेसा मलिक (79) और अवनि प्रशांत (79) संयुक्त 86वें स्थान पर बनी हुई हैं जिससे उन्हें कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर में अच्छा कार्ड खेलना होगा।

### कॉनराड सभी प्रारूपों के कोच नियुक्त : सीएसए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। इस 58 वर्षीय कोच के सामने सीमित ओवरों के प्रारूप में पहली चुनौती जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में होगी।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया की नजर भारत-पाक की स्थिति पर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद करना पड़ा।

---

## टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में किया प्रवेश

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे पहुंचे सेमीफाइनल में

- मधुरा और अभिषेक ब्रिटेन के एला व स्कॉट से हारकर बाहर
- धामनगांवकर और अभिषेक कांस्य के लिए मलेशिया से खेलेंगे
- शूट ऑफ में सालुंखे ने गागोज को 6-5 से हराकर सेफा में जगह बनाई

**शंघाई।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।



### दीपिका अंतिम चार में कोरिया की लिम से भिड़ेगी

दीपिका क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

### सालुंखे ने पहले दौर में किया उलटफेर

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।



### सालुंखे राउंड 32 में जापान से हार गई

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

### मिश्रित में दीपिका व धीरज स्पेन से हार गए

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

---

## क्रिकेट

## धर्मशाला से जालंधर होते हुए विशेष ट्रेन से दिल्ली भेजा गया आईपीएल टीम को

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला से होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। टीम फिलहाल विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस' से नयी दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। पाकिस्तान ने ड्रोन हमले के जरिए चंडीगढ़ के पास हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसके बाद भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस बीच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को बीच में ही बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा, "शुक्रवार की सुबह खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और प्रसारण कर्मियों सहित दोनों टीमों के पूरे दल को लगभग 40 से 50 छोटे वाहनों में धर्मशाला से पंजाब की सीमा पर स्थित होशियारपुर ले जाया गया।" उन्होंने कहा कि इस काफिले को कांगड़ा पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई और वाहनों के होशियारपुर पहुंचने के बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। वहां से उन्हें विशेष रूप से तैयार ट्रेन में सवार होने के लिए जालंधर ले जाया गया। अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को मैच को बीच में रोकने के बाद सुरक्षा के बारे में कहा, "स्टेडियम को 20 मिनट के अंदर खाली कर दिया गया था। हमारी पहली प्राथमिकता वहां मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को तुरंत मैदान से वापस बुलाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच उनके संबंधित होटलों में भेज दिया गया।" भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## जेटली स्टेडियम में बम की धमकी निकली अफवाह

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और 'डॉग स्क्वॉड' की टीम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं जो अफवाह निकली। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, "हमें डीडीसीए के पते पर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। हमने तुरंत इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के बम दस्ते ने आकर पूरे स्टेडियम की जांच की जिसमें कुछ भी नहीं मिला।" दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि कई टीम को तुरंत स्टेडियम भेजा गया और पूरी जगह की अच्छी तरह से जांच की गई। सूत्र ने कहा, "जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके अलावा हमने स्टेडियम के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।"

---

## भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है। इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गये। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।



---

## तीन गेम के कड़े मुकाबले में प्रतिस्पर्धी को हराया

# उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ताइपे

- उन्नति ने जापान की हुंग को दी शिकस्त

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया।



विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

### आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को दी मात

पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊ टीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

---

# अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया

एजेंसी ▶▶| रोम

कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे।



### सिनर का पहला मैच मारियानो से होगा

सिनर और अल्काराज ड्रॉ के अलग-अलग वर्ग में है। सिनर का पहला मुकाबला शनिवार को 99वीं रैंकिंग वाली मारियानो नवोन से होगा। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरिना सबालेंका ने महिलाओं के टूर्नामेंट में अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।

---

## कपिल ने कहा, मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं

# भारत में रोहित जैसा क्रिकेट खेलने वाले बहुत कम लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया था

अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर कपिल देव ने कहा कि भारत में बहुत कम लोग रोहित शर्मा की तरह क्रिकेट खेलने और उनकी तरह राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का दावा कर सकते हैं। रोहित ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेकर सभी को चौंका दिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर में 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत तथा 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4301 रन बनाए। कपिल ने कहा, "उन्होंने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। समय के साथ जिस तरह से उन्होंने खुद को ढाला और कप्तानी की, विशेषकर जिस तरह से उन्होंने क्रिकेट खेली, भारत में उस तरह की क्रिकेट बहुत कम लोगों ने खेली है। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं।" पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे प्रारूप में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।



### टीम का कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम

यह पूछे जाने पर कि आने वाले वर्षों में भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार कौन है, कपिल ने बस इतना कहा कि कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम है। उन्होंने कहा, "कुछ चीजें और जिम्मेदारियां चयनकर्ताओं पर छोड़ देनी चाहिए। वे नया कप्तान ढूंढेंगे। हमें ज्यादा राय नहीं देनी चाहिए क्योंकि चयनकर्ताओं का अपना काम है और जब बात भारतीय टीम की हो तो वे जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगे।"

### रोहित की जगह लेना मुश्किल

कपिल ने कहा, "वे जिसे भी कप्तान नियुक्त करेंगे वह भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। हालांकि रोहित की जगह लेना मुश्किल है, लेकिन किसी को तो यह जिम्मेदारी लेनी होगी।" पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही कप्तानी करते नजर आएंगे। अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज के लिए नए कप्तान की जरूरत होगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी –01/2025–26 दिनांक 09.05.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विधुत-01/2025-26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन में अंबाला–सहारनपुर सेक्शन पर सरसावा–कलानौर स्टेशनों के बीच आईबीएस के प्रावधान, कालका–शिमला सेक्शन में स्टेशन मास्टर रूम के लिए रूम हीटर और बिजली आपूर्ति व्यवस्था, (टकसाल, गुम्मन, कोड, सोनवारा, धरमपुर, कुमार हट्टी, डगशाई, बड़ोग, सोलन, सलोगरा, कंडाघाट, कनोह, कैथलीघाट, शोगी, तारादेवी, जतोग, समर हिल) रनिंग रूम, अस्पताल और अधिकारी विश्राम गृह में ऊर्जा कुशल वाटर हीटर का विस्तार, रेल विहार कॉलोनी में इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का प्रावधान, खानआलमपुरा के आरओएच डिपो में बीटीपीएन वैगनों के रखरखाव की क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और रेलविहार स्टेडियम अंबाला कैंट में मिट्टी भरकर जमीन समतल करने और क्रिकेट पिच का निर्माण से संबंधित विद्युत कार्य | रु. 9125753.83 | रु. 182500.00 | 04 महीने | 02.06.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1389/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# विश्व बैंक व अमेरिका ने पाक को दिया झटका

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को दो मोर्चे पर करारा झटका लगा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं है। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है कि भारत व पाक के बीच जारी तनाव से अमेरिका का कुछ वास्ता नहीं है, वह युद्ध से दूर रहेगा। विश्व बैंक और अमेरिका के साफ संदेश से पाकिस्तान को समझ आ गया होगा कि वैश्विक मोर्चे पर वह कितना अलग-थलग पड़ चुका है। पहलगाम में निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले में लिप्त पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों व उसके साजिशकर्ताओं के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इसको लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई करने के बजाय भारत के खिलाफ उकसावे का रास्ता चुना। पाक फौज ने पहले एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया, उसके बाद नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। फिर भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर हमले किए। भारत ने जहां सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया, पाक के हमलों को विफल किया, वहीं पाक की सैन्य कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने इतना मारक प्रहार किया कि पाकिस्तान दहल उठा। हालांकि वह इससे भी नहीं चेता है और फिर से सीमा पार से गोलीबारी कर रहा है, जिसका भारत जवाब दे रहा है। भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को अमेरिका व चीन से उम्मीद थी कि वह मदद करेंगे, लेकिन अमेरिका ने पल्ला झाड़ लिया है और शुरुआती हमदर्दी के बाद चीन का रिस्पॉन्स भी ठंडा है। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा कि आतंकवाद के पक्ष में उसकी लड़ाई में कोई भी साथ खड़ा नहीं होगा। आज दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है। अमेरिका, यूरोप, एशिया सब आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं। पाकिस्तान के कृत्य आतंकवाद के पालक-पोसक के रूप में है। ग्लोबल घोषित कई आतंकवादी व आतंकी गुट पाकिस्तान में विद्यमान हैं। अमेरिका को भी समझ आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के नाम पर उससे फंड लेने वाले पाकिस्तान ने उस फंड का दुरूपयोग आतंकवाद को पालने में किया। हालांकि अब अमेरिका ने ऐसा फंड बंद कर दिया है और मदद में भी कटौती कर दी है। विश्व बैंक से झटके की उम्मीद पाकिस्तान को नहीं रही होगी। वर्ष 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में ही हुई थी। इस संधि के बाद से सिंधु, चिनाब व झेलम नदी का करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिल रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। उसके बाद पाकिस्तान की उम्मीद विश्व बैंक पर टिकी थी कि वह भारत के संधि निलंबन व पानी रोकने के एक्शन को गलत बताते हुए पाकिस्तान की मदद करेगा। विश्व बैंक ने अपनी भूमिका को स्पष्ट कर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया। ऐसे ही अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका "मूलतः कोई वास्ता नहीं है"। पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई करनी ही होगी, अगर वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आएगा तो, भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य ऑपरेशनों से आतंकवाद के खात्मे के लिए कदम उठाता रहेगा। पाकिस्तान अगर किसी भी प्रकार की सैन्य हिमाकत करेगा, तो भी भारत उसका करारा जवाब देगा। भारत की लड़ाई आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।

# बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ?

भारतीय फौजों ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और शकरगढ़ में कसकर हमला बोला। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी हमला बोला गया। सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ? दरअसल भारत के विभाजन ने पंजाब को गहरे रूप से प्रभावित किया।

पाकिस्तानी पंजाब में बड़े पैमाने पर जनसंख्या विस्थापन हुआ। पाकिस्तान के निर्माण के बाद, इस्लाम को वहां राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया गया, जिसने धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधाराओं को पनपने का मौका दिया। पंजाब ने मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे कट्टरपंथियों को प्रभाव जमाने का अवसर दिया। आप कह सकते हैं कि 1970 और 1980 के दशक ने पंजाब को इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर धकेला। इसकी कई ठोस वजह रहीं। सोवियत-अफगान युद्ध (1979-1989) के दौरान, पंजाब अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थित जिहादी समूहों का गढ़ बन गया। जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक की सरकार ने इस्लामीकरण को खाद-पानी दिया। उस दौर में मदरसों की संख्या में वृद्धि हुई, जिनमें से कई ने कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। पंजाब के शहरों, जैसे लाहौर, बहावलपुर और फैसलाबाद, में ये मदरसे तेजी से बढ़े। सऊदी अरब ने वहाबी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन दिया। इसने सूफीवाद और उदार इस्लाम की परंपराओं को नष्ट किया।

पंजाब में कई मस्जिदों और मदरसों ने इस विचारधारा को अपनाया। पाकिस्तान ने 1990 के दशक में कश्मीर में जिहादी समूहों को समर्थन दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन, जो पंजाब में सक्रिय थे, ने कट्टरपंथ को और बढ़ाया। इन संगठनों ने पंजाब के युवाओं को भर्ती किया और उन्हें जिहादी विचारधारा से प्रभावित किया। ये दोनों संगठन भारत पर मुंबई, उरी, संसद, पठानकोट, पहलगाम वगैरह पर बार-बार कायराना हमले करवाते रहे।

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में पाकिस्तान में इस्लामीकरण की नीति ने कट्टरपंथ को संस्थागत रूप दिया। जिया ने इस्लाम को राज्य का आधार बनाया और कई कट्टरपंथी कानून लागू किए, जैसे ब्लासफेमी कानून। जिया के शासन में पंजाब में हजारों नए मदरसे खोले गए, जिनमें से कई ने देवबंदी और अहल-ए-हदीस



विचारधारा को बढ़ावा दिया। ये मदरसे गरीब और ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र स्रोत बन गए, जिससे कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला। यही नहीं, स्कूली पाठ्यक्रम में जिहाद और शहादत को महिमामंडित किया गया। इससे नई पीढ़ी में कट्टरपंथी विचारों का प्रसार हुआ। एक बात माननी होगी कि पंजाब में कट्टरपंथ के बढ़ने में सामाजिक-आर्थिक कारकों का भी योगदान रहा। पंजाब के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों की ओर आकर्षित किया। ये संगठन न केवल आर्थिक मदद देते थे, बल्कि एक उद्देश्य और पहचान भी प्रदान करते थे। सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति और निजी शिक्षा की महंगाई ने गरीब परिवारों को अपने बच्चों को मदरसों में भेजने के लिए मजबूर किया।

इन मदरसों में अक्सर कट्टरपंथी शिक्षा दी जाती थी। इन तमाम वजहों के चलते सूफीवाद, जो कभी पंजाब की आत्मा था, धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया। कट्टरपंथियों ने सूफी परंपराओं जैसे दरगाहों पर चढ़ावा और कव्वाली, को 'गैर-इस्लामी' करार दिया। इससे पाकिस्तान की सरकारों ने सूफीवाद को बढ़ावा देने के बजाय कट्टरपंथी संगठनों को समर्थन दिया, क्योंकि ये संगठन भू-राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी थे। जाहिर है कि इन तमाम वजहों के चलते पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा जैसा संगठन उभरा। इसी के मुरिदके में स्थित दफ्तर पर भारत ने हमला किया। ये कश्मीर और भारत के खिलाफ जिहादी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी तरह से जैश-ए-मोहम्मद स्थापित हो गया।

इसके बहावलपुर में स्थित दफ्तर को भी भारत ने तबाह कर दिया। इसी तरह से पंजाब में सिपाह-ए-सहाबा नाम का संगठन है। यह सुन्नी कट्टरपंथी संगठन शिया विरोधी हिंसा के लिए जाना जाता है और पंजाब के कई हिस्सों में सक्रिय है। इन संगठनों ने पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ाया। आज, पंजाब को कट्टरपंथ ने तबाह कर दिया है। महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बुल्ले शाह (1680-1757), दाता गंज बख्श, और बाबा फरीद जैसे सूफी संतों ने इस्लाम को एक उदार और समावेशी रूप में फैलाया था। उनकी शिक्षाएं हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती थीं। दुर्भाग्यवश कठमुल्लों के साथ-साथ सरहद पार जनरल अयूब खान से लेकर जनरल आसिफ मुनीर तक सभी के सभी घोर भारत विरोधी फौज के जनरल रहे हैं। पाकिस्तान की सेना में पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। उसमें 80 फीसद से ज्यादा पंजाबी हैं। ये भारत से नफरत करते हैं। पाकिस्तान का पंजाब इस्लामिक कट्टरपन की प्रयोगशाला बन चुका है।

पंजाब के अलावा पाकिस्तान के बाकी भागों में भारत विरोधी माहौल इतना मुखर नहीं है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। यह जुल्म ऐसा-वैसा नहीं था। लाखों लोगों की बेरहमी से हत्या, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार, तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दी गईं। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी फौजी दरिंदों ने दो लाख महिलाओं से बलात्कार किया था। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत ने उस पंजाब के कठमुल्लों पर कड़ा हमला बोलकर एक बहुत नेक काम ही किया है। आखिर धैर्य की भी एक सीमा है। भारत ने हमेशा धैर्य का परिचय दिया है, लेकिन पाकिस्तान ने इसे कभी समझा ही नहीं है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## युद्ध के आयाम

हरिओम कोचर



# इनफार्मेशन वॉरफेयर : बंदूकें चुप होती हैं, नैरेटिव बोलते हैं

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, लेकिन इसके बाद छेड़ा गया इंफॉर्मेशन वॉरफेयर यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध के आयाम बदल गए हैं। यह युद्ध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारों, और नैरेटिव्स से लड़ा जा रहा है। एक तरफ देश को आतंकवाद जैसी प्रत्यक्ष और भौतिक खतरों से जूझना पड़ता है, तो दूसरी ओर उसे डिजिटल माध्यमों और मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के माध्यम से चलाए जा रहे नैरेटिव्स का भी सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिष्ठित और भरोसेमंद माने जाने वाले मीडिया संस्थान तथ्यात्मक चूक कर बैठते हैं, तो यह नैरेटिव्स का युद्ध और अधिक पेचीदा हो जाता है। यह घटनाक्रम भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा अब पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है। आज लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारधाराओं और जनमत के निर्माण में भी लड़ी जाती है। इसलिए, यह आवश्यक हो गया है कि भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना और संचार के स्तर पर भी रणनीतिक रूप से सशक्त और सतर्क रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति को उजागर किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि देश अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। परंतु इस सैन्य कार्रवाई के बाद जिस प्रकार से सूचना युद्ध छेड़ा गया, उसने यह दर्शा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है। आज युद्ध का एक और भी महत्वपूर्ण आयाम है, सूचनाओं, विचारधाराओं और देश विरोधी नैरेटिव्स का युद्ध। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, न्यूज़ चैनल, और डिजिटल मीडिया ऐसे घातक हथियार बन गए हैं जिनके माध्यम से देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। दुश्मन ताकतें झूठी खबरें, विकृत वीडियो, और गलत प्रचार के माध्यम से भ्रम फैलाने और देश के भीतर अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि भारत न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना युद्ध के मोर्चे पर भी सजग और सशक्त रहे। भारत के जागरूक नागरिक, सटीक सूचना तंत्र और मज़बूत नैरेटिव ही इस नए युद्ध क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली भ्रामक सूचनाओं से सजग रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चेतावनी भी है कि अब युद्ध कई स्तरों पर लड़ा जाएगा। भारत के खिलाफ छेड़े गए इंफॉर्मेशन वारफेयर में केवल विदेशी प्रचार तंत्रों की ही भूमिका नहीं रही, बल्कि दुर्भाग्यवश देश के कुछ मीडिया संस्थानों की लापरवाही ने भी इसमें ईंधन का काम किया है। पाकिस्तानी और चीनी प्रचार तंत्र लंबे समय से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं, परंतु जब ऐसे प्रयासों को भारतीय मीडिया की गलत रिपोर्टिंग से बल मिलता है, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विरोधियों चाइना डेली और ग्लोबल टाइम्स जैसे राज्य-नियंत्रित मीडिया संगठनों को भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिलता है। इस समय प्रतीत होता है कि ऐसे संगठनों की मीडिया नीति किसी दुश्मन की बंदूक से कम नहीं है, अतः जहां बंदूकें चुप होती हैं, वहां ऐसे संस्थानों द्वारा गढ़े गए नैरेटिव बोलते हैं। इस प्रकार की लापरवाही केवल पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि मीडिया संस्थान व आम नागरिक सोशल मीडिया पर राष्ट्र के लिए अधिक जिम्मेदार भूमिका निभाएं और ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में तथ्य-जांच और संतुलन को प्राथमिकता दें। भारत ने इस सूचना युद्ध की चुनौती का दृढ़ता और संकल्प के साथ सामना किया है। सरकार, सशस्त्र बलों, और स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग संस्थाओं ने सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का पर्दाफाश किया और वास्तविक तथ्यों को भारत सरकार की प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल नीतियों और संस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरुकता, मीडिया की जिम्मेदारी और उन्नत तकनीकी उपायों का उपयोग भी आवश्यक है। यदि भारत सत्य, विवेक, और सामूहिक एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है, तो इस संघर्ष में विजयी होना संभव है।

(लेखक रिसर्च फैलो, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।


## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अच्छी योजना

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अर्थात उनका इलाज करने के लिए कैशलैस ट्रीटमेंट योजना को हरी झंडी दे दी है। यह योजना 5 मई 2025 से शुरू हो गई है और इसके तहत लगभग 1.5 लाख कैशलैस इलाज की व्यवस्था होगी। सरकार ने इस योजना के तहत बहुत से अस्पतालों के साथ सहमति बनाई होगी। सरकार को इस योजना के साथ ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल करना चाहिए और आमजन को भी चाहिए कि इन अस्पतालों की सूची अपने वाहन में जरूर रखें और इन अस्पतालों की सूची बारे ज्ञान रखें। – **प्रतीक जोशी**, रायगढ़

## करंट अफेयर


# ...जब न्यायालय ने कर्नल सोफिया की तारीफ की थी



उच्चतम न्यायालय ने 2020 में भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों को सराहा था, जो बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मीडिया को जानकारी देने वाली दो महिला अधिकारियों में शामिल थीं। उच्चतम न्यायालय ने 17 फरवरी, 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में 'स्टाफ असाइनमेंट' को छोड़कर सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया जाना कानून सम्मत नहीं हो सकता। सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) की अनुमति देने वाली शीर्ष अदालत ने कहा था कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों के अलावा बाकी कुछ भी हासिल करने पर पूर्ण प्रतिबंध (कोई अन्य जिम्मेदारी हासिल करने से रोकना) लगाना स्पष्ट रूप से सेना में करियर में उन्नति के साधन के रूप में स्थायी कमीशन दिए जाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने महिला अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्नल कुरैशी की उपलब्धियों का उदाहरण दिया।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक व सांस्कृतिक आत्मा को स्वरूप देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने कार्यों के जरिये मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाई।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वाधीनता से सौदा नहीं



मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध के पर्याय, वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप ने हमें सिखाया कि मातृभूमि की स्वाधीनता से कोई सौदा नहीं किया जाता।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### करदाताओं की ताकत



राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते, वे हमारे करदाताओं की ताकत से बनते हैं। यही कारण है कि जीएसटी कभी भी "गब्बर सिंह टैक्स" नहीं था। यह टैक्स भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को वित्तपोषित करता है।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व



महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किए जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा महाराष्ट्र साइबर अपराध विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है।
-अमिषा पटेल, अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने टैगोर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों के जरिए मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना प्रज्वलित की। मोदी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।

### हथियारों की आपूर्ति में शामिल 4 पर चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने नक्सलियों और अन्य आपराधिक तत्वों को हथियारों की आपूर्ति में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार 4 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, शस्त्र अधिनियम के आरोप हैं।

अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों से विदेश मंत्री जयशंकर ने की बात, कहा

# पाकिस्तान की किसी भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया होगी

जयशंकर ने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की और उनसे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति' होनी चाहिए। जयशंकर-लैमी की बातचीत नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनातनी कम करने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो, इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी और यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

### दोनों पक्ष संयम बरतें: ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर जयशंकर ने कहा कि ईयू की विदेश और सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि के साथ वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की। भारत ने नपी-तुली कार्रवाई की है। बहरहाल, स्थिति बिगाड़ने वाली किसी भी हरकत के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। यूरोपीय संघ ने कहा कि वह क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अधिक लोगों की जान जाने की आशंका सहित अन्य परिणामों पर बारीकी से और बड़ी चिंता के साथ नजर बनाए हुए है। उसने कहा कि ईयू दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए हमलों से बचने का आह्वान करता है।

पाक के लिए अफगानिस्तान का धमाकेदार जवाब

### हम उसको छोड़ेंगे नहीं, भारत से हमें बहुत प्यार



अफगानिस्तान ने भारत के लिए प्यार और पाकिस्तान के लिए गुस्सा दोनों खुलकर दिखा दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अफगान नागरिक एक भारतीय पर्यटक से बातचीत में भारत को 'पुराना दोस्त' बताते हैं और पाकिस्तानियों को 'छोड़ेंगे नहीं' कहकर चेतावनी दे देते हैं। वीडियो में एक अफगान नागरिक कहता है, कि हम अपने पड़ोसी (पाकिस्तान) को अंदर नहीं आने देंगे, लेकिन भारत से हमें बहुत प्यार है। भारतीय लोग हमारे पुराने दोस्त हैं। हमारे देश में उनका हमेशा स्वागत है। एक दूसरे अफगानी युवक ने बेझिझक कहा कि अगर कोई पाकिस्तानी यहां दिखा, तो हम उसको लाग मारेंगे। हम उसको छोड़ेंगे नहीं! इस बयान के बाद दोनों युवक भारत के साथ अपने लंबे और मजबूत रिश्ते की बात भी करते हैं।

### तुर्किये-अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद



भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं।

असम के सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा तंज

# जीएसटी ने देश को दिए राफेल व एस-400 जैसे घातक हथियार





**एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है। भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है।

कोर्ट में पेश किया गया आरोपी राणा

# 6 जून तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत एनआईए स्लीपर सेल के बारे में पूछ रही



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा को शुक्रवार नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 6 जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राणा को हाल ही में अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।


कोर्ट ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि राणा की हर 24 घंटे में मेडिकल जांच की जाए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जाए। राणा को एनआईए मुख्यालय के हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है। एनआईए की पूछताछ में राणा से उसके पाकिस्तानी हैंडलर, फंडिंग के स्रोत, और संभावित स्लीपर सेल नेटवर्क के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। जांच एजेंसी को शक है कि राणा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गहरा संबंध था। एनआईए ने कोर्ट में कहा कि अगर उसे पूछताछ के लिए अधिक समय मिलेगा तो इस मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

बाबा को 'रूह अफजा' पर राहत

# कोई 'आपत्तिजनक' टिप्पणी नहीं करेंगे, कोर्ट ने मामला बंद किया

- हलफनामों में दिए गए कथन बाध्यकारी होंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव द्वारा हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी न करने का वचन देने के बाद मामला बंद कर दिया। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि रामदेव और पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा अपने हलफनामों में दिए गए कथन उनके लिए बाध्यकारी हैं और उन्होंने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया के पक्ष में मुकदमे का फैसला सुनाया। अदालत ने विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया था। हमदर्द ने दावा किया कि पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने आरोप लगाया कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया गया।

# पूर्वी भारत में लू चलेगी, कई भागों में होगी बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी भारत में शनिवार से लू चल सकती है। 4-5 दिन तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश और गरज के साथ बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान बंगाल में , 11-14 मई को बिहार और ओडिशा, 12-12 मई में झारखंड और 14-15 मई को उत्तर प्रदेश में लू चलेगी। इस महीने की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि मई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी देखने को मिल सकती है।

स्टार्टअप के वित्तपोषण, शोध और विकास को बढ़ावा मिलेगा

# 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी की

गुरुवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दी थी इसकी मंजूरी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

स्टार्टअप फर्मों के लिए संशोधित कर्ज गारंटी योजना से उन्हें ऋण देने से जुड़ा जोखिम कम होगा जिससे शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सृजन के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गुरुवार को ही संशोधित 'स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना' (सीजीएसएस) को मंजूरी दी, जिसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने संस्थानों द्वारा ऋण साधनों पर निर्दिष्ट सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी-मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी। इससे वित्तीय संस्थानों में स्टार्टअप को ऋण देने से जुड़े जोखिम और कम हो जाएंगे।




### अधिक वित्तीय प्रवाह व मार्ग उपलब्ध होगा

इससे स्टार्टअप के लिए शोध एवं विकास, प्रयोग करने और अत्याधुनिक नवाचार, प्रौद्योगिकियों के सृजन के लिए अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। योजना में कंपनियों को 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा 85 और इससे अधिक के लिए 75 प्रतिशत कर दी है। देश में स्टार्टअप कंपनियों के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तैयार करने एक कार्ययोजना 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई थी।

भारतीय सेना
www.joinindianarmy.nic.in
142वां टेक्नीकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी-142) (जनवरी 2026)

विशेषताएं

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता और तत्काल परिकलक के लिए है)
(www.joinindianarmy.nic.in - पर प्रकाशित कोर्स अधिसूचना - उस कोर्स के लिए लागू केवल अधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | वर्णन | अधिसूचना पैराग्राफ नं. पर विस्तृत निर्देश |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | टेक्नीकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी-142) (जनवरी 2026) | पैरा 1 |
| आयु | 01 जनवरी 2026 के अनुसार 20 और 27 वर्ष | पैरा 2 |
| जिनके लिए खुला | अविवाहित पुरुष | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित संकाय में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी | पैरा 2 |
| स्वीकार्य बी.टेक. संकाय | सूचीकृत अनुसार | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन | पैरा 11 |
| आवेदन विंडो | 30 अप्रैल 2025 से 29 मई 2025 | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानदंड | www.joinindianarmy.nic.in पर दिये अनुसार | पैरा 05 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन › शॉर्टलिस्टिंग › एसएसबी › चिकित्सा › मेरिट सूची › ज्वाइनिंग लेटर | पैरा 04 |
| शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों के कट-ऑफ % के प्रकाशन हेतु तिथि | जून 2025 का प्रथम सप्ताह | - |
| एसएसबी हेतु संभावित अवधि और तिथियां | पांच दिन एसएसबी जुलाई से सितम्बर 2025 के बीच (एसएसबी तिथियों के लिए च्वाइस जून 2025 में एक सप्ताह के लिए खुलेगी) | - |
| पूर्व कमीशन ट्रेनिंग एकेडमी | इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए), देहरादून | पैरा 7(ए) |
| प्रशिक्षण की अवधि | जनवरी 2026 से दिसम्बर 2026 तक लगभग 12 माह | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड | रु. 56,400/- प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण के पश्चात रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9 |
| कमीशनिंग पर वेतन | सीटीसी लगभग 17-18 लाख प्रतिवर्ष (फ्री मेडिकल कवर और एक वर्ष में एक बार गृह नगर तक यात्रा को छोड़कर) | - |
| कमीशन का प्रकार | स्थायी कमीशन | पैरा 6 |
| कमीशन हेतु प्राईमरी आर्म्स / सर्विस | कोर ऑफ इंजीनियर्स, कोर ऑफ सिग्नल्स और इलैक्ट्रोनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स। उम्मीदवार अन्य आर्म्स / सर्विस में भी कमीशन हासिल कर सकते हैं। | - |
| रिलीज लाभ | रिलीज पर सर्विस पर निर्भर करते हुए | - |

सीबीसी-10601/11/0017/2526



